हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 अगस्त 2026

06 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी



07 रीडर को सस्पेंड किया, जिला कोषालय अधिकारी ...



सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

खबर संक्षेप

हरियाली तीज पर पौधा रोपण कर 101 पौधे लगाने का संकल्प



सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी हरियाली तीज पर सांवरिया सेवा समिति के तत्वावधान में सांवरिया सेठ मंदिर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के साथ ही 101 पौधे लगाने का संकल्प समिति के सदस्यों ने लिया। पौधरोपण के दौरान मुख्य अतिथि अरूणा सुदेश राय के द्वारा फलदार पौधे लगाकर शुभारंभ किया गया। समिति अध्यक्ष उषा राज शर्मा ने बताया कि हमारी समिति का उद्देश्य पर्यावरण पर काम करना है हर व्यक्ति को शादी की सालगिरह जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष उषाराज शर्मा, अंजू राकेश गुप्ता सचिव आरके खैरा कोषाध्यक्ष मॅजू प्रवीण तिवारी, सह सचिव निर्मला शर्मा सहकोषाध्यक्ष कल्पना दुबे, राज शर्मा, शारदा खैरा रेखा शुक्ला, प्रतिभा जायसवाल सरोज रावत आशा शर्मा, निर्मल शर्मा, पीयूष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कुबेरेश्वरधाम में मोबाइल चोर गिरोह पर पुलिस का शिकंजा, छह आरोपी गिरफ्तार, कार-मोबाइल जब्त

श्रद्धालु बनकर कुबेरेश्वर धाम में घुसे मोबाइल चोर सादी वर्दी में पुलिस ने गिरोह के 6 सदस्य दबोचे

भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व धाम पर दे रहे दे रहे चोरी की वारदातों को अंजाम, दो दिन पहले ही पुलिस ने 13 संदिग्ध महिलाओं को किया था गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच लगातार हो रही मोबाइल चोरी की वारदातों पर सीहोर पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरजिला मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें चार वयस्क और दो विधिविरुद्ध बालक शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से ओप्पो और रियलमी कंपनी के दो मोबाइल फोन तथा करीब 14 लाख रुपए कीमत की किया कैरेंस कार जब्त की गई है।

सादी वर्दी में पुलिस ने भीड़ के बीच बिछाया जाल

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। 17 अगस्त को धाम परिसर में मोबाइल एवं सामान चोरी की शिकायतों पर थाना मंडी में अपराध क्रमांक 259/2026 एवं 260/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। इसके बाद पुलिस ने रणनीति बदलते हुए सादी वर्दी में जवानों को श्रद्धालुओं के बीच तैनात किया। संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई और घेराबंदी कर छह संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।



पुलिस की पूछताछ में गिरोह की पूरी कार्यप्रणाली उजागर

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सदस्य निजी वाहन से बड़े मेलों और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों को निशाना बनाते थे। भीड़ में श्रद्धालुओं के बीच घुल-मिलकर मोबाइल, पर्स और चेन पर हाथ साफ करना इनका तरीका था। पुलिस के अनुसार गिरोह में विधिविरुद्ध बालकों को भी शामिल रखा जाता था, ताकि पुलिस को संदेह कम हो। पुलिस अब आरोपियों से अन्य जिलों में की गई चोरी की वारदातों और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

दो विधिविरुद्ध बालक भी पकड़े

मंडी थाना प्रभारी अर्चना चौहान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अशोक शिंदे (35 वर्ष), पिता अर्जन शिंदे, निवासी सेंधवा, जिला बड़वानी,तालिब पठान (21 वर्ष), पिता शाहिद पठान, निवासी भीकनगांव, जिला खरगौन,विशाल नायक (26 वर्ष) पिता दिलीप नायक, निवासी सेंधवा, जिला बड़वानी, फरहान अली (22 वर्ष) पिता आसिफ अली, निवासी सेंधवा, जिला बड़वानी तथा 2 विधि विरुद्ध बालक को भी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अशोक शिंदे के विरुद्ध मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र में लूट, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट, जुआ और चोरी सहित विभिन्न प्रकरण दर्ज हैं। वहीं विशाल नायक के विरुद्ध सेंधवा थाने में जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध है।

मोबाइल और 14 लाख की कार जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ओप्पो एवं रियलमी कंपनी के दो मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपए है, तथा करीब 14 लाख रुपए कीमत की किया कैरेंस कार जब्त की है। पुलिस कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

कुबेरेश्वरधाम से दो दिन पहले ही पकड़ी गईं 13 संदिग्ध महिलाएं

कुबेरेश्वरधाम से दो दिन पहले ही 13 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया गया था। भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व और अपराधी जेबकतरी, मोबाइल छीनने, सोने की चेन स्नेचिंग और सामान चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार व्यापक प्रबंध कर रही है। हिरासत में ली गई 13 संदिग्ध महिलाओं में से कुछ के खिलाफ झगड़े-विवाद और न्यूसेंस फैलाने की आशंका पर प्रतिबंधात्मक गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। अन्य महिलाओं से चोरी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में पूछताछ जारी है।

2 प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित विभिन्न मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



सीहोर। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। इसी क्रम में सीहोर जिला मुख्यालय पर संघ के अध्यक्ष पं. अखिल शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की तरह प्रदेश में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महंगाई से राहत देने के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता/महंगाई राहत 1 जनवरी 2026 से प्रदान करने के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। संघ ने नवनियुक्त कर्मचारियों की नियुक्ति के प्रथम तीन वर्षों में 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत वेतन भुगतान के बंधन को समाप्त करने की मांग भी की। संघ का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण कर्मचारियों को तीन वर्षों में लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा भी 12 दिसंबर 2019 के इस आदेश को निरस्त किया जा चुका है। इसके साथ ही अनुकंपा नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में सीपीसीटी की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई। संघ ने कहा कि सीपीसीटी की बाध्यता के कारण कई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त होने की स्थिति बन रही है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है।

कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के आदेश शीघ्र जारी करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही, ताकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समय उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके। इसके अलावा संघ ने ई-अटेंडेंस प्रणाली को पूर्णतः समाप्त करने की मांग की। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों पर शासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चेतन विश्वकर्मा, अभिजीत सिंह गहरवार, अनुरोध डोके, अनिमेष वातव, निरंजन सोलंकी, मंसूर खान, सुनील विश्वकर्मा, राजेश पाल, दिनेश चंद्र बैरागी, आदित्य करवे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्कूल से गैर हाजिर रहती हैं अतिथि शिक्षक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई होती है प्रभावित



सीहोर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हसन में पदस्थ अतिथि शिक्षक की उपस्थिति को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस मामले को लेकर ग्राम वासियों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को भी शिकायत दर्ज कराई गई है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। अतिथि शिक्षक की वास्तविक उपस्थिति और विद्यालय के उपस्थिति रिकॉर्ड में अंतर है। संबंधित अवधि के मैनुअल उपस्थिति रजिस्टर, ई-अटेंडेंस अथवा बायोमेट्रिक रिकॉर्ड तथा विद्यालय के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की गई है। ग्राम वासियों का कहना है कि यदि रिकॉर्ड की जांच की जाए तो 24 जुलाई को अतिथि शिक्षक की विद्यालय में उपस्थिति और प्रवेश-निकास की स्थिति स्पष्ट हो सकती है। इसके अलावा नियुक्ति, कार्यभार ग्रहण, मानदेय भुगतान और अन्य संबंधित दस्तावेजों की भी जांच किए जाने की मांग की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जानकारी दिए जाने के बाद अब तक जांच शुरू नहीं कराई गई है। ऐसा लग रहा है कि लापरवाह अतिथि शिक्षक को विभागीय स्तर पर संरक्षण दिया जा रहा है। ग्राम वासियों ने लापरवाह अतिथि शिक्षक पर जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

गांव में पक्की सड़क नहीं, विधायक कार्यालय पहुंचकर दिया मांग-पत्र



सीहोर। छापरी के ग्रामीणों ने मंगलवार को विधायक कार्यालय पहुंचकर मांग पत्र दिया और कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में भी सड़क निर्माण कराने को लेकर अर्जी लगाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में पक्की सड़क नहीं होने से लंबे समय से परेशान हैं। बारिश शुरू होते ही गांव की सड़कें कीचड़ और पानी से भर जाती हैं। जगह-जगह गड्ढों के कारण पैदल चलना और दोपहिया वाहन निकालना तक मुश्किल हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार लोगों को उठानी पड़ती है। खराब रास्तों के कारण बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है, वहीं मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में गांव का आवागमन कई बार प्रभावित हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव से श्मशान घाट तक जाने वाला मार्ग भी बदहाल है। रास्ते में पुलिया की सुविधा नहीं होने से बारिश का पानी बहने लगता है और लोगों को खेतों से होकर निकलना पड़ता है। अंतिम संस्कार के समय भी ग्रामीणों को खराब रास्ते के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीण समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक के पास भी पहुंच चुके हैं और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव में पक्की सड़क तथा आवश्यक स्थानों पर पुलिया निर्माण की मांग रख चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ श्मशान घाट तक रास्ता बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे गांव की सड़क व्यवस्था सुधरना जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गांव का सर्वे कराकर प्राथमिकता के आधार पर पक्की सड़क और पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के मौसम में ग्रामीणों को हर साल होने वाली परेशानी से स्थायी राहत मिल सके।

नशा मुक्ति के लिए नगर पालिका परिषद में दिलाई गई शपथ



सीहोर। नगर पालिका परिषद में मंगलवार को नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने एक साथ सामूहिक रूप से शपथ ली। कार्यक्रम में बीके संस्था की दीदी, सीएमओ सुधीर कुमार, सहायक इंजीनियर विजय कोली सहित समस्त पार्षद मौजूद थे।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे की बुराई से बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ ही, लोगों को स्वस्थ, संस्कारवान और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्पित किया जा रहा है।

अभियान के माध्यम से लोगों को स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य सदस्यों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

जनसुनवाई में आए 55 आवेदनों पर हुई सुनवाई, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 55 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरखड़े, प्रेमसिंह गोंड़, गिरिराज परिहार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एडिशनल एसपी ने मुकदमा कायम करने का दिया आश्वासन

झूलते बिजली तारों से मौतों पर किसानों का फूटा गुस्सा, अधिकारियों पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में झूलते 11 केवी एवं एलटी विद्युत तार किसानों और ग्रामीणों के लिए जानलेवा बने हुए हैं। पिछले दो माह में अलग-अलग गांवों में करंट की चपेट में आने से किसानों की मौत, गंभीर चोटें और मवेशियों की मौत के मामले सामने आने के बाद अब किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने विद्युत मंडल के जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम बड़वेली, अमरूद, महोडिया, कुला खुर्द, रामखेड़ी, बिलकिसगंज, चंदेरी, पिपलिया मीरा, चांदी, रातीखेड़ा, मगरखेड़ा सहित दर्जनों गांवों के किसान लगातार धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन दे रहे हैं। हाल ही में आक्रोशित किसानों ने पुनासी नदी में विद्युत मंडल के अधिकारियों के प्रतीकात्मक पुतले टांगकर विरोध प्रदर्शन किया था। किसानों का कहना है कि नदी में बाढ़ आने पर ये पुतले बहते हुए भोपाल तक पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री निवास तक पहुंचकर शासन को किसानों की पीड़ा का संदेश देंगे।



किसानों ने कहा कि जब खेतों और गांवों में झूलते बिजली तारों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय क्यों नहीं की जा रही है।

किसानों ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा विद्युत मंडल के एमडी भोपाल मुख्यालय तक ज्ञापन और प्रदर्शन के माध्यम से दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की है। किसानों का दावा है कि मुख्यमंत्री निवास से अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ऊर्जा मंत्री ने भी विद्युत मंडल के एमडी भोपाल को कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि प्रभारी मंत्री से भी किसानों ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है। इसके बावजूद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने से किसानों में नाराजगी है। किसानों का कहना है कि विद्युत मंडल की जांच में संबंधित अधिकारियों की लापरवाही सामने आने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। किसानों की मांग है कि अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं संबंधित सहायक अधिकारियों सहित जिन भी अधिकारियों की लापरवाही जांच में सामने आई है, उनके खिलाफ तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

इसी मांग को लेकर किसान सीहोर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और दोषी विद्युत अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे। किसानों ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपने की बात कही है। किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक दोषी विद्युत अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। किसानों की प्रमुख मांग है कि झूलते विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, हादसों में जान गंवाने वाले किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दी जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। किसानों ने एडिशनल कलेक्टर ब्रजेश सक्सेना एवं एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे को ज्ञापन सौंपा, जिस पर एडिशनल एसपी ने विद्युत मंडल के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा कायम करने का आश्वसन दिया। उपस्थित किसानों में प्रहलाद सिंह मेवाड़ा, प्रेमलाल मेवाड़ा, माधों सिंह, धनसिंह, लक्ष्मण सिंह, आशीष, राजेश, विनेश, अरविन्द, कुलदीप, अमरसिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

बाढ़ प्रभावितों के हक और न्याय के लिए आज कांग्रेस निकालेगी राहत पैकेज पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ से करीब चार दर्जन गांव प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण अनेक परिवारों के मकान, फसल, अनाज, दुकानों और पशुधन को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने और विशेष राहत पैकेज की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में 19 अगस्त को अहमदपुर से श्यामपुर तक राहत पैकेज पदयात्रा निकाली जाएगी।

पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेस बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े होने तथा उनकी समस्याओं को प्रशासन एवं शासन तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। कांग्रेस ने क्षेत्रवासियों से पदयात्रा में शामिल होकर बाढ़ प्रभावितों के हक और न्याय की आवाज बुलंद करने की अपील की है। पदयात्रा का प्रथम चरण बुधवार 19 अगस्त को प्रातः 9 बजे अहमदपुर से प्रारंभ होकर वनखेड़ा और चरनाल पहुंचेगा। इसके बाद विश्राम किया जाएगा। पदयात्रा का द्वितीय चरण दोपहर 12 बजे छतरी से प्रारंभ होकर सोठी होते हुए श्यामपुर पहुंचेगा। पदयात्रा का एक दिवसीय समापन श्यामपुर तहसील कार्यालय पर दोपहर 2 बजे होगा। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं बाढ़ प्रभावित परिवारों द्वारा तहसील कार्यालय का घेराव कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज उपलब्ध कराने सहित प्रभावितों को उचित सहायता एवं न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। कांग्रेस ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

खबर संक्षेप



मुख्यमंत्री जन-विश्वास कार्यक्रम के तहत नगर परिषद का निरीक्षण

बुधनी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को आयुक्त एवं मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) स्वरूचिष सोमवंशी ने नगर परिषद का भ्रमण कर व्यवस्थाओं एवं जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नगर परिषद में जन्म एवं मृत्यु पंजीयन से संबंधित अभिलेखों तथा पूर्व से संधारित रिकॉर्ड का अवलोकन किया रिकॉर्ड व्यवस्थित एवं बेहतर तरीके से संधारित पाए जाने पर अधिकारियों ने नगर परिषद की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान नगर परिषद क्षेत्र के दो-दो हितग्राहियों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए अधिकारियों ने पंजीयन प्रक्रिया के दौरान हितग्राहियों एवं आम नागरिकों को आने वाली समस्याओं की जानकारी ली तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रक्रिया को लेकर आवश्यक चर्चा की। निरीक्षण के दौरान नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक निलेश दुबे भी उपस्थित रहे अधिकारियों ने नगर परिषद की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का अवलोकन कर संबंधित कार्यों की जानकारी ली जन्म-मृत्यु पंजीयन से जुड़े कार्यों के बेहतर संचालन और रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रख-रखाव की अधिकारियों ने सराहना की।

हटाए गए कर्मचारियों को पुनः ज्वाइन कराने की मांग उठाई

108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

108 एंबुलेंस में पर्याप्त संसाधन, आवश्यक दवाइयां और ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने की समस्या भी उठाई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने जय अंबे सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर वेतन में कटौती, समय पर भुगतान नहीं करने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले करीब चार वर्षों से उन्हें वेतन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वेतन करीब दो माह की देरी से दिया जाता है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं संबंधित अधिकारियों से कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों के अनुसार 1 मई से लगातार न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही पूरा भुगतान किया जा रहा है। उनका आरोप है कि कर्मचारियों को परेशान करने की नीयत से अल्प वेतन का भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि कंपनी को निर्देशित किया जाए कि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कर्मचारियों को वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके साथ ही बकाया वेतन एवं न्यूनतम वेतन का शीघ्र भुगतान कराया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि उनसे निर्धारित समयावधि से अधिक कार्य लिया जा रहा है, जबकि उन्हें इसके अनुरूप भुगतान नहीं किया जा रहा है।

ठेका श्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन जय अंबे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है तथा कंपनी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से 30 दिसंबर 2021 को टेंडर मिला था। कर्मचारियों का कहना है कि ठेका श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1970 के तहत आवश्यक लाइसेंस एवं पंजीयन की प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने शासन के संबंधित परिपत्रों का हवाला देते हुए कंपनी के पंजीयन एवं लाइसेंस की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा कर्मचारियों ने माननीय उच्च न्यायालय के 13 जुलाई 2021 के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की मांग भी की है। उनका कहना है कि आदेश के अनुरूप कर्मचारियों को मिलने वाले अधिकारों एवं भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इसकी जानकारी कर्मचारी संघ को दी जाए।

सात दिन के भीतर अनिवार्य रूप से जॉइनिंग कराने की मांग

कर्मचारियों ने 108 एंबुलेंस सेवा से प्रबंधन द्वारा मनमाने एवं अन्यायपूर्ण तरीके से हटाए गए अथवा होल्ड किए गए कर्मचारियों को तत्काल पुनः सेवा में ज्वाइन कराने की मांग की है। साथ ही प्रदेश में कार्यरत सभी 108 एंबुलेंस कर्मचारियों को सात दिन के भीतर अनिवार्य रूप से जॉइनिंग लेटर उपलब्ध कराने की मांग रखी गई है।

एंबुलेंस में पर्याप्त दवाइयां एवं संसाधन उपलब्ध कराने की मांग : कर्मचारियों ने 108 एंबुलेंस में पर्याप्त संसाधन, आवश्यक दवाइयां एवं ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने की समस्या भी उठाई है। उनका कहना है कि संसाधनों की कमी के कारण कई बार मरीजों को समय पर आवश्यक उपचार नहीं मिल पाता, जिससे कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से नियमित ऑडिट कराकर सभी एंबुलेंस में पर्याप्त दवाइयां, संसाधन एवं ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि दुर्घटना अथवा आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके।

10 सितंबर से आंदोलन की चेतावनी

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया और उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे 10 सितंबर 2026 से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 22(1)(बी) के तहत क्रमबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कंपनी एवं विभाग की होगी। कर्मचारियों ने शासन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से मांगों पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए वेतन भुगतान, न्यूनतम वेतन, सेवा संबंधी अधिकारों तथा एंबुलेंस में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया एवं एल.एन. कैलाशिया के निर्देशानुसार उप प्रांताध्यक्ष के.एल. बैरागी तथा संरक्षकगण डॉ. साधुराम शर्मा, पं. राममूर्ति शर्मा एवं हरिओम शर्मा दाऊ की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव एवं मुख्यमंत्री के नाम 12 सुत्रीय ज्ञापन सौपा गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि जुलाई 2019 से केन्द्रीय तिथि से महंगाई राहत का नियमित भुगतान किया जाय और केन्द्र के अनुरूप राहत नहीं देने से जुलाई 2019 से दिसम्बर 2025 तक 90 माह के बकाया एरियर की राशि तथा जुलाई 2025, का बकाया 3 प्रतिशत एरियर और माह जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत राहत राशि तथा जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत भुगतान किया जाय ।

माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्णय दिनांक 31.10.2025 अनुसार छटे वेतन आयोग के दिनांक 01.01.2006 से 31.08.2008 तक 32 माह के एरियर का 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान किया जाय । सांतवे वेतन आयोग के पूर्व दिनांक 01.01.2016 के पूर्व के पेंशनर्स को केन्द्र सरकार के परिपत्र दिनांक 12.05.2017 एवं सह अनुलग्र पत्रों अनुसार काल्पनिक वेतन निर्धारण किया जाकर सांतवे वेतन आयोग के दिनांक 01.01.2016 से 31.03.2018 तक 27 माह के एरियर का भुगतान किया जाए। शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाय । प्रदेश के पेंशनर्स को हिमाचल सरकार के अनुरूप अतिरिक्त पेंशन 65 वर्ष के प्रारंभपर 5 प्रतिशत, 70 पर 10 प्रतिशत, 75 पर 15 प्रतिशत तथा 80 वर्ष के प्रारंभ से ही 20 प्रतिशत तथा आगे शासन आदेशानुसार स्वीकृत की जाय । विद्युत मण्डल के पेंशनर्स को पेंशन की ग्यारंटी दी जाय तथा जिला कोषालय से पेंशन भुगतान की व्यवस्था की जाय । सेवा निवृत्त कर्मचारियों को चतुर्थ समय मान वेतनमान का लाभ दिया जाय । पेंशन सारांशीकरण की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 11 वर्ष 9 माह की जाय । शिक्षकों को पात्रतानुसार अर्जित अवकाश के नगदीकरण का लाभ दिया जाय । पेंशनर्स कल्याण मण्डल, पेंशनर्स फोरम, संभागीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति की नियमित बैठके आमंत्रित की जाए। जहां पर समिति गठित नहीं हुई है उस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये जाए ।

वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत समिति गठन के निर्देश दिए जाए । पेंशन - एन.पी.एस. और यू.पी.एस. के स्थान पर ओ.पी.एस. लागू की जाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सिद्धु सिंह ठाकुर, एल.एस. सेन, महामंत्री नर्बदा प्रसाद खरे, शंकरलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष लखनलाल सेन, कार्यालय सचिव चन्दरसिंह ठाकुर, प्रचार सचिव भगवानदास प्रजापति, के.के. झमटानी, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, विधि सलाहकार विश्वनाथ शर्मा (एड.) सहित कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव, भगवती प्रसाद शर्मा, प्रहलाद सिंह ठाकुर, भगतजी, मुन्ने भाई, राजेन्द्र गांधी, बी.एस. तोमर, मुरली शर्मा, महेश आर्य, दीनदयाल शंखवार, मुन्नालाल प्रजापति, सुधीर दुबे, विजय सिंह बिसौरिया, दिनेश जोशी, दिलीप राठौर, हेमन्त वल्लभ दुबे, प्रकाश देवगड़े, बेनी प्रसाद कुशवाह, अशोक कुमार दुबे, श्यामपुर से विजय भारद्वाज, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, इछावर से बंशीलाल सोनी, बिल्लारे, बाकोरिया, रामबाबु सक्सेना, नन्दलाल पाल, हरिसिंह रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

कांवड़ यात्रा का आयोजन : जादौनी परिवार ने धूमधाम से निकाली कांवड़





रेहटी। ग्राम बाबरी का जादौनी परिवार द्वारा साल भर धार्मिक आयोजन करवाते रहते हैं इसी कड़ी में उनके द्वारा सावन के तीसरे सोमवार कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

रेहटी तहसील के ग्राम बाबरी में सावन के तीसरे सोमवार निकल गई भव्य कावड़ यात्रा सावन में लगातार धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में जहां कांवड़ यात्राएं निकाली जा रही हैं तो वहीं मंदिरों, शिवालयों में भी पूजा-अर्चना, अभिषेक के आयोजन किए जा रहे हैं। सावन के तीसरे सोमवार रेहटी तहसील के बावरी नर्मदा तट से भी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई।

हजारों एकत्रित हुए कांवड़ियों ने मां नर्मदा की पूजा-अर्चना, आरती करके अपनी-अपनी कांवड़ में नर्मदा जल भरा और बम-बम भोले के जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत की। कांवड़ यात्रा में भगवान महाकाल की पालकी भी तैयार की गई थी। यह कांवड़ यात्रा जादौनी परिवार के शंतूलाल जादौनी, सतीश जादौनी, जगदीश जादौनी, रामकृष्ण जादौनी, संजय जादौनी परिवार बावरी के के द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाती है। कांवड़ यात्रा महादेव शिव मंदिर से शुरू हुई और रमगढ़ा स्थित रुद्रधाम मंदिर तक पहुंची, जहां कांवड़ यात्रा 20 किलोमीटर पैदल अपना सफर तय करा। ग्राम बावरी से शुरू हुई कांवड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत भी किया गया। जगह-जगह कांवड़ यात्रियों के लिए लोगों ने स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की थी। कांवड़ यात्रा में आगे-आगे डीजे, ढोल बज रहे थे और पीछे-पीछे भक्त जय जयकार करते हुए चल रहे थे। कांवड़ यात्रा रुद्रधाम रमगढ़ा पहुंचकर जहां पर कांवड़ियों द्वारा भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। इस दौरान पुलिस की टीम भी तैनात रही।

100 ट्रैक्टरों के साथ निकाली 'जय जवान, जय किसान' तिरंगा यात्रा, दुर्गा चौक पर गूंजा सामूहिक राष्ट्रगान





भैरूंदा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के आह्वान पर 15 अगस्त शनिवार को भैरुंदा नगर में 'जय जवान, जय किसान तिरंगा यात्रा' निकाली गई। करीब 100 ट्रैक्टरों पर सवार किसान हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। ट्रैक्टरों के काफिले के साथ निकली यात्रा में भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान और हर खेत तिरंगा, हर हाथ तिरंगा के नारों से नगर का माहौल देशभक्तिमय हो गया।

किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार के नेतृत्व में आयोजित यात्रा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव के मार्गदर्शन में निकाली गई। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के आह्वान पर आयोजित यात्रा में नगर सहित क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

सर्व मंगलम पैलेस से शुरू हुआ काफिला

तिरंगा यात्रा दोपहर करीब 1:30 बजे सर्व मंगलम पैलेस से शुरू हुई। तिरंगों से सजे ट्रैक्टरों का काफिला इंदौर मार्ग होते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा। यात्रा सीहोर नाका, दुर्गा चौक और कृषि उपज मंडी क्षेत्र से होते हुए आगे बढ़ी। मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

ट्रैक्टरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाए किसान देश के जवानों और अन्नदाताओं के सम्मान का संदेश देते नजर आए। यात्रा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने तथा देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों और देश का पेट भरने वाले किसानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

राष्ट्रगान में सहभागिता की

यात्रा के दौरान दुर्गा चौक पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। यहां किसान, भाजपा नेता, कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में एकत्र हुए। सभी ने राष्ट्रगान में सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया। राष्ट्रगान के बाद तिरंगा यात्रा पुनः सर्व मंगलम पैलेस पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। करीब 100 ट्रैक्टरों की लंबी कतार और तिरंगों से सजा काफिला पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र रहा। किसानों की बड़ी भागीदारी ने स्वतंत्रता दिवस पर 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को नगर में मजबूती से पहुंचाया।

पेंशनर्स महासंघ ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

सीहोर। मप्र सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ ने पेंशनर्स की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण को लेकर जिलाधीश को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने शासन से वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स के हित में शीघ्र निर्णय लिए जाने की मांग की। ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में यात्रा के दौरान 50 प्रतिशत किराए में छूट प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। इसके साथ ही पेंशनर्स की आयु 65 वर्ष होने पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत, 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत तथा 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दिए जाने की मांग की गई। महासंघ ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए 65 वर्ष की आयु से आयुष्मान कार्ड की पात्रता निर्धारित करने तथा राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को आठवें वेतनमान की अनुशंसाओं का लाभ प्रदान करने की भी मांग की। महासंघ का कहना है कि पेंशनर्स की लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन को संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए जल्द निराकरण करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में गोपाल सिंह ठाकुर, अनिल शर्मा, कुंदन लाल राय, शिवशंकर सिंह, ज्ञानबाबू जाट, अतुल विजय शर्मा एवं लखनलाल सेन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

प्रथम दिवस दो महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए गए

पॉलीटेक्निक इंजीनियरिंग विभाग ने छह दिवसीय अटल संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान, सीहोर के पॉलीटेक्निक (इंजीनियरिंग) विभाग द्वारा अटल (एआईसीटीई प्रशिक्षण एवं अधिगम) अकादमी के अंतर्गत छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन 17 से 22 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ब्लॉक-01 स्थित सीआईडीसी कक्ष, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर ने विशेषज्ञ अतिथि डॉ. एस. सुरेश का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इस छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों एवं उभरते हुए तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित नवीनतम ज्ञान प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस संकाय विकास कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों, नवाचार एवं उभरते तकनीकी क्षेत्रों से जोड़ते हुए उनके ज्ञान एवं कौशल को और अधिक सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस दो महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में स्मार्ट ग्रिड एवं नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों की मूलभूत अवधारणाएं तथा द्वितीय सत्र में ऊर्जा संक्रमणः पारंपरिक प्रणालियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट प्रणालियों की ओर विषय पर प्रतिभागियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. एस. सुरेश, प्रोफेसर, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल ने स्मार्ट ग्रिड, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों, ऊर्जा संक्रमण तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट प्रणालियों की उपयोगिता एवं संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के बढ़ते प्रभाव तथा भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में स्मार्ट प्रणालियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। छह दिवसीय इस संकाय विकास कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को स्मार्ट ग्रिड, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा संक्रमण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा आधुनिक तकनीकी प्रणालियों से संबंधित नवीनतम ज्ञान एवं तकनीकी समझ प्रदान करना है, ताकि वे अपने शिक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में इन तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर सकें। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. प्रियंका झवर, प्राचार्य, पॉलीटेक्निक इंजीनियरिंग, श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर हैं, जबकि सह-समन्वयक त्रिवेणी सिंह, सहायक प्राध्यापक, श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन रुचि चौहान द्वारा किया गया।

उनके प्रभावी संचालन एवं समन्वय से कार्यक्रम की गतिविधियां सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के संकाय विकास कार्यक्रम शिक्षकों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान से जोड़ने के साथ-साथ उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार एवं व्यावहारिक दक्षता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के आगामी दिनों में भी विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक इंजीनियरिंग, ऊर्जा प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उभरती तकनीकों से संबंधित विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक एवं तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जन्म जयंती पर होगा समरसता संकल्प अभियान और यात्रा का आयोजन, कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के साथ ही जिले में उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए "श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा" आयोजित की जाएगी। अभियान के अंतर्गत जिला एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित होंगी। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार यात्रा के आयोजन के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने बताया कि 20 अगस्त 2026 को सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कलश वंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



भैरूंदा। ग्राम गोरखपुर में सोमवार को ग्राम पटेल एवं वरिष्ठ समाजसेवक गोपाल पटेल तथा युवा समाजसेवक पंकज जाट का जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद दोनों का साफा बांधकर, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया तथा फूलमालाएं पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में कन्या भोज और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सरपंच गोरखपुर शफी मोहम्मद एवं मित्र मंडल की ओर से किया गया। इस दौरान गोपाल पटेल ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिले प्रेम और स्नेह से वे अभिभूत हैं। ग्रामीणों का यह सम्मान उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए नई ऊर्जा देता है। युवा समाजसेवक पंकज जाट ने भी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए अपना आशीर्वाद और सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि किशोरी उइके, जनपद प्रतिनिधि राजेश इवने, उप सरपंच नसीम खान, सरदार खां, रामचंद्र पटेल, संतोष जाट, शेर मोहम्मद, ओम प्रकाश पटेल, हरिओम मीणा, सलीम खां, खुमान सिंह, महेश सरियाम, अनूप उइके, देवी सिंह कामले, अंसार खान, साबिर खां सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

जाहिर सूचना

ग्राम जमुनिया फतेहपुर मौजा देवनखेड़ी (वीरान), तहसील इछावर, जिला सीहोर स्थित खसरा नं. 23/1/2/1/2/1 रकबा 1.518 हे. भूमि क्रय के संबंध में आपत्ति दर्ज कराने के बावत । एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 1. श्री भीम सिंह पुत्र स्व. भगवत सिंह, निवासी ग्राम रामदासी एवं 2. श्री राकेश कुमार धाकड़ पुत्र मांगीलाल धाकड़, निवासी ग्राम कल्याणपुरा धाकड़, तहसील इछावर, जिला सीहोर द्वारा उपरोक्त भूमि, जो विक्रेता के राजस्व अभिलेख में दर्ज स्वामित्व की है, को क्रय करने हेतु स्लीप टोकन दिनांक 17.08.2026 प्राप्त कर लिया गया है। अतः उक्त भूमि पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक का कोई हक, हित, बंधक, ऋण या विधिक दावा हो तो वे इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समय-सीमा में आपत्ति न मिलने पर यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तत्पश्चात मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त भूमि का विक्रय विलेख पंजीयन करा दिया जाएगा। इसके बाद की आपत्ति अमान्य होगी।

भवदीय: शैलेष कुमार बड़ोदिया,
अभिभाषक इछावर जि. सीहोर म.प्र.
मो. 9575407741

अस्पताल में भर्ती सैकड़ों मरीज और अटेंडर हो रहे हैं परेशान

जिला अस्पताल के कई टॉयलेट व शौचालय तालों में कैद कर रखे





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, संसाधनों की यदि बात की जाए तो राजगढ़ जिला चिकित्सालय भोपाल, इंदौर के बड़े निजी अस्पतालों से काफी बेहतर है। लेकिन, जहां बात डॉक्टरों की उपलब्धता, मरीजों के ईलाज और सुविधाओं की आती है वहां कई तरह के प्रश्न चिन्ह हमेंशा खड़े हो जाया करते हैं। शासन द्वारा राजगढ़ मुख्यालय पर जिला अस्पताल के रूप में भव्य इमारत का निर्माण अलबत्ता करवा दिया गया है लेकिन मरीजों और अटेंडरों को अभी भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब एक नई समस्या से मरीज और साथ आए परिजन काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। दरअसल, जिला अस्पताल में मरीजों और अटेंडरों के लिए बनाए गए बहुत से टॉयलेट और शौचालयों में ताला लगवा दिया गया है। ये ताले किसने और क्यों लगवाए यह एक बड़ी जांच का विषय है। इन टॉयलेट और शौचालयों का निर्माण भर्ती मरीजों की संख्या के मान से किया गया था। ऐसे में सिर्फ कुछेक टॉयलेट और शौचालयों के खुला होने और बाकी में ताला लगा होने से आमजन खासे परेशान हैं।

मेल, फीमेल वार्डों में लगे हैं ताले

जिला अस्पताल के फस्ट फ्लोर(प्रथम तल) पर मेल जनरल, फीमेल जनरल के दो-दो वार्ड हैं। इनमें 80 पेंशेंट भर्ती रहते हैं। इसके साथ ही अस्सी पेंशेंट के साथ एक-एक अटेंडर भी साथ रहता है। इसी फ्लोर पर पुरुष वार्ड का एक टॉयलेट खुला हुआ है लेकिन दूसरे में ताला लगवा दिया गया है। जो टॉयलेट खुला हुआ है उसके अंदर के दो शौचालयों के गेटों पर भी ताले लगे हुए हैं। इसी तरह की स्थिति महिला वार्ड के टॉयलेट की भी है। एक टॉयलेट ओपन है लेकिन दूसरे टॉयलेट में ताला लगवा दिया गया है। यह हालात सिर्फ पहली मंजिल तक ही सीमित नहीं है बल्कि पहली मंजिल से नीचे आने पर सीढ़ियों के ठीक सामने एक पुरुष शौचालय में ताला लगाा हुआ है।

आखिर किसने लगवाए हैं ये ताले

यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर टॉयलेट में ये ताले किसने लगवाए हैं। स्वच्छताकर्मियों की आउटसोर्स एजेंसी के मैनेजर सोम कलोसिया के अनुसार उनके किसी भी एम्प्लाय के द्वारा ऐसा नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के स्टाफ ने ही ऐसा किया हुआ है ताकि वे साफ-स्वच्छ टॉयलेट में जा सकें।

ताले स्टाफ के कारण लगाए थे

कुछ टॉयलेट में ताले स्टाफ के कारण लगाए थे। रिफ्रेश के लिए स्टाफ कहां जाएगा। सभी वार्डों की बात करें तो जनता को भी अवेयर होना पड़ेगा। सफाई के आधे घंटे बाद भी टॉयलेट को देखें तो फिर गंदे कर दिए जाते हैं। नलों की टोटियां, पाईप तक लोग बाथरूमों में से चुरा ले गए। फिर भी मै प्रथम तल के वार्डों के टॉयलेट ओपन करवाता हूं। सभी के सहयोग से ही अस्पताल का बेहतर तरीके से संचालन हो पाएगा।

- डॉ. अमित कोली
आरएमओ, जिला अस्पताल, राजगढ़

लापरवाहियों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

रीडर को सस्पेंड किया, जिला कोषालय अधिकारी सहित 2 को नोटिस थमाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी प्रहलाद ढोढरिया एवं जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के अहिरवार को शोकाज नोटिस प्रदान करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। ब्यावरा जनपद द्वारा शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जपं सीईओ को अगली टीएल बैठक में स्वयं उपस्थित होकर स्थिति प्रस्तुत करने तथा 7 दिवस में लंबित शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इसी तरह अमरगढ़ में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने रीडर को सस्पेंड करने के साथ ही पीठासीन अधिकारी को भी बदलने अधीनस्थों को निर्देश प्रदान किए।

राजस्व शिकायतों के निराकरण में सख्ती के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित शिकायतों के निराकरण में राजस्व अधिकारी पूरी तरह सजग एवं गंभीर रहें। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर करें कार्रवाई

बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की लापरवाही पाए जाने एवं एनालॉग पनीर की जब्ती का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की एवं संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पेट्रोल पंपों से संबंधित शिकायतों, विशेषकर ईंधन में पानी की मिलावट के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित समिति को सख्ती से निगरानी करने तथा शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दो में से एक आईसीयू शुरू नहीं हुआ

सिविल अस्पताल भगवान भरोसे! आईसीयू और पीआईसीयू की व्यवस्थाओं पर सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

अस्पताल में दो आईसीयू वार्ड होने के बावजूद इनमें से सिर्फ एक के संचालित होने की बात सामने आई है, जबकि दूसरा आईसीयू वार्ड तैयार होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हो सका है। वहीं बच्चों के लिए बनाया गया पीआईसीयू वार्ड भी नियमित रूप से 24 घंटे संचालित नहीं होता हैं। सबसे गंभीर मामला शनिवार को सामने आया, जब अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में मौसमी बीमारी, निमोनिया और अन्य संक्रमण से पीड़ित छोटे-छोटे बच्चे भर्ती थे। बच्चों को उपचार के दौरान बोतल, इंजेक्शन सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं दी जा रही थीं। लेकिन परिजनों के अनुसार रात करीब 8 बजे पीआईसीयू बंद करने की बात कही गई। बच्चों को बोतल लग रही थी और स्टॉप नर्स बोलती हुई आई के जिसको बोतल नहीं लगी उसकी बोतल भी नीचे वार्ड में लगेगी और जिनको बोतल लग रही उनको भी बोतल नीचे लगेगी और छोटे बच्चों के हाथों से बोतल नली निकाल दी और परिजनों को दे दिया और कहा ले चलो नीचे वार्ड में लगवा लो।

स्थिति यह बनी कि छोटे बच्चों को गोद में उठाकर उनके परिजन हाथ में बोतल और निडिल लेकर सामान्य वार्ड की ओर जाते दिखाई दिए। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जब बच्चों के लिए अलग से पीआईसीयू वार्ड बनाया गया है और उसमें गंभीर अथवा विशेष निगरानी की आवश्यकता वाले बच्चों को भर्ती किया जा रहा है, तो रात के समय उसकी सेवाएं बंद करने की व्यवस्था क्यों है? यदि पीआईसीयू को 24 घंटे संचालित करने की आवश्यकता है, तो रात्रिकालीन व्यवस्था के लिए पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ और अन्य संसाधन क्यों उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं?

मौसम बदलते ही बढ़ रहे बीमारी के मामले: वर्तमान में मौसम में नमी और बदलाव के कारण वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम, बुखार, निमोनिया सहित कई मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा छोटे बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों का उपचार किया जा रहा है, लेकिन यदि बच्चों को भर्ती करने के बाद रात में पीआईसीयू जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है तो अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। परिजनों का कहना है कि वे अपने बीमार बच्चों को बेहतर उपचार की उम्मीद में अस्पताल लेकर आते हैं। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्हें यह भरोसा रहता है कि बच्चे को 24 घंटे चिकित्सकीय निगरानी और आवश्यक उपचार मिलेगा। लेकिन यदि रात 8 बजे के बाद पीआईसीयू की सुविधा बंद हो जाती है और बच्चों को सामान्य वार्ड में ले जाने के लिए कहा जाता है, तो विशेष वार्ड बनाने और उस पर खर्च किए गए सरकारी बजट का उद्देश्य ही सवालों के घेरे में आ जाता है।

दो आईसीयू में एक ही चालू दूसरा अब तक नहीं हुआ शुरू: सिविल अस्पताल में दो आईसीयू वार्ड होने की जानकारी सामने आई है। इनमें से एक आईसीयू संचालित हो रहा है, जबकि दूसरा आईसीयू वार्ड तैयार होने के बावजूद अब तक शुरू नहीं हुआ है। अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों की संख्या को देखते हुए दोनों आईसीयू का संचालन क्यों नहीं हो रहा, यह भी जांच का विषय है। यदि भवन, उपकरण और अन्य संसाधन उपलब्ध हैं तो स्टाफ या अन्य व्यवस्थाओं के अभाव में सुविधा शुरू नहीं होना मरीजों के हित में गंभीर समस्या मानी जा सकती है।

लिफ्ट बनी शोपीस, सीढ़ियां चढ़ने को मजबूर डायलिसिस मरीज: अस्पताल की एक अन्य महत्वपूर्ण सुविधा भी सवालों के घेरे में है। मरीजों और उनके परिजनों के अनुसार अस्पताल में लगी लिफ्ट का नियमित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर डायलिसिस कराने आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। डायलिसिस जैसे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को सीढ़ियों के सहारे ऊपर जाना पड़ता है। ऐसे मरीजों में कई कमजोर और गंभीर स्थिति वाले होते हैं, जिन्हें सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी हो सकती है। जब अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए लाखों रुपये खर्च कर लिफ्ट स्थापित की गई है तो उसका संचालन सुनिश्चित करना अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिकता होनी चाहिए। लिफ्ट बंद रहने से मरीजों को होने वाली परेशानी के साथ ही सरकारी संसाधनों के उपयोग पर भी सवाल उठ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार बजट जारी किया जाता है। अस्पतालों में आईसीयू और पीआईसीयू , डायलिसिस, आधुनिक उपकरण और अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

इनका कहना है...
मामले की जानकारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. केएन भीलवारे को दी गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी कुछ दिन पूर्व ही कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा, मैं मामले को दिखवाता हूं।

शुरू की तीन दिवसीय कलमबंद हड़ताल

अब ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में उतरे कृषि अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षक समुदाय के बाद अब कृषि विभाग के कर्मचारी भी ऑनलाईन अटेंडेन्स का खुलकर विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ के बैनर तले जिले के सभी ब्लॉकों के कृषि विस्तार अधिकारियों ने ऑनलाइन अटेंडेन्स सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर सोमवार से तीन दिवसीय कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी।

इस विरोध प्रदर्शन के तहत सभी कृषि विस्तार अधिकारी उप-संचालक कृषि के दफ्तर पहुंचे और नारेबाजी करते कार्यालय के सम्मुख ही धरना देकर बैठ गए। संघटन जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री सचिन परमार ने बताया कि सभी कृषि विस्तार अधिकारी दिन, रात न देखते हुए लगन से फील्ड सहित अन्य शासकीय कार्यों में जुटे रहते हैं। इसके बावजूद शासन द्वारा ईएचआरएमएस प्रणाली के तहत ई-अटेंडेन्स अनिवार्य की गई है। यह ई-अटेंडेन्स उन कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए उचित रहती है जो सुबह 10 से शाम 6 बजे तक दफ्तर में बैठते हैं लेकिन हमारा काम तो फील्ड का है। कभी-कभी सुबह 7 बजे भी हमें खेतों में जाना पड़ता है और उधर, रात हो जाया करती है। ऐसे में ई-अटेंडेन्स की अनिवार्यता कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए व्यवहारिक नहीं है।



यह भी हैं मांगें

हड़ताली कर्मचारियों की अन्य मांगों में गेड-पे 2800 रुपए करना, वर्तामान में दिए जा रहे 500 रुपए के भत्ते को बढ़ाकर 5 हजार रुपए करना है। हड़ताली कृषि विस्तार अधिकारियों में संघटन उपाध्यक्ष राकेश परमार, शिल्पा कराड़े, लितिका तिवारी, बलवान परमार, संदीप नागर, अरविंद मेवाड़ा, कृष्णपाल भाटी, आंकाक्षा गुप्ते सहित अन्य शामिल हैं।

एलईडी पर प्रसारित किया मुख्यमंत्री का संदेश

राशि के इंतजार में जिले की 2 लाख 93 हजार लाड़ली बहनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गृहणियों, महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और घर की छोटी-मोटी जरूरतों की पूर्णता के लिए शुरू की गई लाड़ली बहना योजना की इस जुलाई माह की किश्त अभी तक पात्र महिलाओं के खातों में नहीं आई है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को अब डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह रुपए प्रदान किए जाते हैं लेकिन इस माह 16 तारीख निकल जाने के बाद भी गृहणियां, पात्रताधारी महिलाएं राशि का इंतजार कर रही हैं। आपको बतादें कि राजगढ़ जिले में इस योजना के तहत लगभग 2 लाख 93 हजार महिलाओं को हर माह डेढ़ हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। अमूमन हर माह की 10 से 12 तारीख के बीच में महिलाओं के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से यह राशि शासन द्वारा प्रदान कर दी जाती है लेकिन इस माह अभी तक कोई राशि पात्र गृहणियों के एकाउन्ट में नहीं आई है। इस बारे में जिले के अधिकारियों से बात करने पर उनका कहना था कि स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों की व्यवस्ता इत्यादि के कारण इस माह राशि हस्तांतरण कुछ लेट हुआ है। गत वर्ष की बात करें तो शासन ने रक्षाबंधन को देखते हुए योजना के तहत मिलने वाली राशि के अलावा 250 रुपए अतिरिक्त रुपए महिलाओं के खातों में डाले थे। आगामी 28 फरवरी को रक्षाबंधन का त्यौहार है। ऐसे में पात्र महिलाओं द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि संभवतः इस वर्ष भी 250 रुपए अतिरिक्त उनके खातों में आएंगे। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है।

हाईवे किनारे घायल अवस्था में मिला व्यक्ति, अस्पताल में मृत घोषित किया



सारंगपुर। सोमवार रात करीब 2 बजे टेंचिग ग्राउंड के पास हाईवे रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर 112 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सारंगपुर लाया गया। अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना संबंधित पुलिस को भी दी गई है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि व्यक्ति हाईवे के पास घायल अवस्था में कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं होने से उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लास के साथ नोबल पब्लिक स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नोबल पब्लिक स्कूल, मन्दसौर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव से ओत-प्रोत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव एवं नागेन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद साबिर खान, प्राचार्य डॉ. सौरभ दुबे एवं सचिव सईद खेड़ावाले ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में राष्ट्रप्रेम, एकता और देशभक्ति का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। अतिथियों ने विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समीर खान ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में बीएड एवं डीएलएड के नवागत विद्यार्थियों के लिए प्रज्ञोदय कार्यक्रम आयोजित

'आप शिक्षा को समय दोगे तो शिक्षा आपका समय बदल देगी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में बी. एड. एवं डी. एल. एड. प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्राध्यापकों के लिए प्रज्ञोदय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारीख, मुख्य अतिथि विद्या भारती मालवा नगरीय शिक्षा के प्रान्त प्रमुख पंकज पंवार, विशिष्ट अतिथि भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन, माल्यार्पण व सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम की भूमिका महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आप शिक्षा को समय दोगे तो शिक्षा आपका समय बदल देगी। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि पंकज पंवार ने अपने ओजस्वी विचार छात्राध्यापकों के समक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व काल से गुरु को परमपिता से पहले पूजा जाता है क्योंकि परमपिता तक पहुँचने का माध्यम शिक्षक ही है। उन्होंने बताया कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है और आप भावी शिक्षक इसी सीढ़ी पर चढ़ने जा रहें हो सआपको अपने कार्य को करना नहीं बल्कि उसे जीना है । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजदीप परवाल ने संस्थान दर्शन के साथ-साथ सभी को विद्या भारती के कार्यो और देश व समाज के प्रति कर्तव्यों से अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन बी. एड. तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक लक्षित श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार महाविद्यालय की सहायक प्राध्यायक डॉ. कृतिका माथुर द्वारा दिया गया।

खबर संक्षेप

चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



जावर। थाना प्रभारी जावर उनि. संतोष विश्वकर्मा के नेतृत्व में थाना जावर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए इंदौर-भोपाल हाईवे पर कंटेनर से अंग्रेजी शराब की पेटियों की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 14 अगस्त को फरियादी मोहम्मद रिहान पिता उस्मान रिहान, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम करनपुर, थाना पाकबड़ा, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि पटेल ढाबा से खड़ी जोड़ के बीच इंदौर-भोपाल हाईवे पर खड़े कंटेनर से शराब की 17 पेटियां चोरी हो गई हैं। रिपोर्ट पर थाना जावर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। अपराध पंजीबद्ध होने के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर उनि. संतोष विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गई। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी की घटना में शामिल एक आरोपी हरनिया गांव की बड़ली के पास मोटरसाइकिल से मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पल्सर मोटरसाइकिल चालक को पकड़ा गया।

पंचायत ने विद्यार्थियों को दिए कंप्यूटर



आष्टा। जनपद की ग्राम पंचायत भंवरा के सरपंच हरिओम पिंटू परमार ने 12वीं क्लास में प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में कंप्यूटर दिए। 10 दसवीं क्लास में प्रथम एंव आठवीं में प्रथम आने पर भी कंप्यूटर का वितरण किया और साथ ही जिनका शासकीय सेवा में चयन होने पर उनका भी सम्मान किया गया और भंवरा के सरपंच हरिओम पिंटू ने घोषणा की गई की ऐसे विद्यार्थी जिनको पढ़ने लिखने में आर्थिक परेशानी हो रही है या ऐसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे बच्ची की सरपंच हरिओम पिंटू परमार जिम्मेदारी उठाएंगे।

नगर भ्रमण पर निकले भगवान भोलेनाथ, पालकी का जगह-जगह किया स्वागत

गणेश मंदिर से पार्वती तट तक श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली पालकी यात्रा

पालकी यात्रा का नगर में स्थान-स्थान पर श्रद्धा पूर्ण ढंग से स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजन और आरती की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की प्राचीन एवं धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान शंकर की भव्य पालकी गणेश मंदिर से पार्वती तट तक पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। कई दशकों से नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाने पालकी यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पालकी यात्रा का नगर में स्थान-स्थान पर श्रद्धा पूर्ण ढंग से स्वागत किया गया। स्त्री पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजन और आरती की। इसी क्रम में कैलाश परमार मित्रमंडल द्वारा प्रगति मार्ग पर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना एवं आरती उतारी गई।

पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति समाज सेवी एच आर परमाल, पूर्व पार्षद गण शैलेश राठौर घनश्याम जांगड़ा ,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती ,सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह वरिष्ठ समाज सेवी विजय देश लहरा, रामेश्वर खण्डेलवाल. कोक सिंह पटवारी, अर्जुन सिंह अजय, साहित्यकार श्याम शर्मा सलिल, संजय जैन किला, तेज सिंह पाटीदार, दिनेश गहलोत, श्रेयांश जैन, पल्लव जैन एडवोकेट, कमलेश ताम्रकार, अमित रूनवाल, अक्षत जैन, दिव्यांश प्रगति कुशल पाल लाला आदि ने पालकी पर पुष्प वर्षा कर सभी श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसाद और पेयजल वितरित किया। जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भगवान शिव का पूजन कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पारंपरिक मार्गों से गुजरी यात्रा भूत भावन भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार करके श्रावण मास के हर सोमवार को निकाले जाने वाली पालकी यात्रा गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर प्रगति मार्ग बुधवारा नजरगंज सिकंदर बाजार बड़ा बाजार पुराना थाना रोड़ से होते हुए पार्वती तट पहुंची। केशरिया ध्वज लहराते युवा और भक्ति की मस्ती से सराबोर भजन मंडली नृत्य और कीर्तन करते हुए चल रही थी। पूरी यात्रा के दौरान बोल बम और हर हर महादेव के आकाश भेदी जयकारो नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा। पार्वती तट पर



पहुंचकर भगवान का जलाभिषेक एवम विशेष आरती के साथ पालकी यात्रा सम्पन्न हुई। आयोजक पूर्व पार्षद शैलेश राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पांच साल के बाद भी अधूरी पुलिया, ग्रामीणों में आक्रोश

अब आंदोलन करेंगे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पीपलिया सलारसी/खेजड़ा खेड़ा में पांच साल पहले जिस पुलिया का भूमिपूजन विधायक सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बड़े जोर-शोर से किया गया था, वह आज तक बनकर तैयार नहीं हो सकी है। पुलिया निर्माण नहीं होने से पीपलिया सलारसी से खेजड़ा खेड़ा जाने वाले ग्रामीणों को बरसात के दिनों में पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। इसी समस्या की हकीकत जानने के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ पानी में उतरकर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर पुलिया के अभाव में लोगों को किस तरह परेशानी उठानी पड़ रही है, इसका प्रत्यक्ष नजारा सामने आया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से पुलिया निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

भूमिपूजन के बाद भी नहीं बनी पुलिया

ग्रामीणों का कहना है कि करीब पांच वर्ष पूर्व पुलिया निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था। उस समय विधायक सहित कई नेता और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में पहुंचे थे। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जल्द ही पुलिया बन जाएगी और वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी पुलिया का निर्माण पूरा नहीं हुआ।

आंदोलन में ट्रैक्टर लेकर पहुंचेंगे ग्रामीण

पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि 22 अगस्त को होने वाले आंदोलन में पीपलिया सलारसी और खेजड़ा खेड़ा क्षेत्र के ग्रामीण तीन ट्रैक्टर लेकर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है और लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का अब स्थायी समाधान होना चाहिए।

ग्रामीणों ने भी स्पष्ट किया कि यदि पुलिया निर्माण को लेकर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। बरसात के दौरान पानी में से होकर गुजरने की मजबूरी के चलते ग्रामीणों और किसानों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब पांच साल पहले भूमि पूजन हो चुका है तो आखिर पुलिया निर्माण अब तक क्यों नहीं हो पाया? अब देखना होगा कि प्रस्तावित आंदोलन के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाते हैं।

जाहरवीर गोगा जी महाराज के छड़ी निशान की पूजा-अर्चना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



वाल्मीकि समाज अब नंगे पांव के साथ उपवास रहकर छड़ी निशान की पूजा पाठ करेंगे। वाल्मीकि समाज द्वारा पूजे जाने वाले जाहरवीर गोगा जी महाराज के मोर पंख से सजे छड़ी निशान की नाग पंचमी से गोगा नवमी तक पूजा अर्चना होगी एवं गुरु गोरखनाथ के वरदान से जन्मे गोगा जी महाराज वाल्मीकि समाज पूरे प्रदेश में पूजा करती है। राहुल वाल्मीकि द्वारा बताया गया कि आष्टा में वाल्मीकि नगर वार्ड क्रमांक 14 व हाथी खाना वार्ड नंबर 13 में निशान की पूजा अर्चना होती है। इस दौरान सभी समाज जन उपवास करके करते हैं वाल्मीकि दल के आशीष भगत सवा महीने अखंड उपवास करके सभी भक्तों के साथ पूजा करते हैं हाथी खाना अनिल भगत दीपक नरवले अमित सांगते बिट्टू घेंघट युग घेंघट शुभम सारवान सभी पूजा में सम्मिलित होते हैं।

जिले के सभी स्कूलों में चलाया जा रहा रीडिंग कैंपेन

सीहोर। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में सीहोर जिले के सभी स्कूलों में 18 अगस्त से 8 सितम्बर तक रीडिंग कैम्पेन का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी शिक्षकों एवं अधिकारियों को वीडियो के माध्यम से संदेश प्रेषित किया है। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ना सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें अपनी बात रखने, प्रश्न पूछने और कहानियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि पुस्तकें बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा कहानी वाचन एवं चर्चा से उनका चिंतन और आत्मविश्वास विकसित होता है।

विद्यालय में शिक्षकों के लिए हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि में नवागत उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक एवं अतिथि शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन शिक्षकों द्वारा जुलाई एवं अगस्त में विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया गया है। सर्वप्रथम प्राचार्य सितवत खान ने समस्त नवागत शिक्षकों का स्वागत किया और कहा कि हमें सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा का पुनीत कार्य करना है। शिक्षक केवल एक बच्चें को पढ़ाता ही नही है, बल्कि पीढ़ियों का निर्माण करता है। हम सबकों शिक्षक होने पर गर्व होना चाहिए और शिक्षा के माध्यम से ही हम समाज को नई दिशा दे सकते है।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नवागत शिक्षकों पूजा सिलोरिया, अंतिम मालवीय, कामिनी राठौर, मोनिका चैकसे, अतुल आर्य, सत्येन्द्र चैहान, सिफत खान, यतेन्द्र कुमार शर्मा, स्नेहलता पाल, तुलसीराम सरखंडे, विनोद पवार, दीपिका दास, तनिष्क चन्द्रवंशी, राम सिंह वर्मा, राजेन्द्र मालवीय, महेश कुमार वर्मा, रजनी सोलंकी, लोकेन्द्र पैरवाल, हेमलता व्यास, ललिता राठौर, विवके कुमार अहिरवार, निधि पुरोहित, राजकुमारी संकत, प्रदीप राठौर, संगीता, राजू, कविता मेवाड़ा, साहिबा खान, रीतिका चैहान, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, सुषमा कंकरायणें, राधा शर्मा, विशाल परमार, अजीम अंसारी, शोएब अली, राहुल परमार, अखलेश राय ने सहभागिता करी और कहा कि इस संक्षिप्त ओरिएंटेशन कार्यक्रम से उनकों नई ऊर्जा मिली है और प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा जो कार्य सौंपा जाएंगा उसे पूरी तन्मयता के साथ करेंगे और सांदीपनि विद्यालय आष्टा न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में भी प्रगति करेगा।

बारिश और खुशहाली की कामना के साथ किए भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन के पवित्र महीने में इंद्रा कॉलोनी स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर आस्था, भक्ति और सामूहिक प्रार्थना का केंद्र बना हुआ है। अच्छी बारिश, खुशहाली और समृद्धि की मंगलकामना को लेकर महिलाओं की मंडली द्वारा प्रतिदिन शाम पांच बजे से भजन संध्या आयोजित की जा रही है, जो देर रात तक चलती है। शिव भजनों की मधुर स्वर लहरियों और सावन की फुहारों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया है।

मंडली की वरिष्ठ सदस्य कमला अग्रवाल ने बताया कि भजन संध्या पूरे सावन माह तक जारी रहेगी। महिलाओं द्वारा भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में अच्छी बारिश, खेत-खलिहानों में हरियाली, प्रत्येक परिवार में खुशहाली और जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की जा रही है। सामूहिक रूप से शिव आराधना करने से श्रद्धालुओं में सकारात्मक ऊर्जा और विश्वास का भाव दिखाई देता है। इस आयोजन की खासियत केवल शिव भजनों तक सीमित नहीं है। सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से महिलाओं के मन में प्रकृति, समाज और परिवार के प्रति सकारात्मक भाव भी मजबूत हो रहा है। सावन के पावन अवसर पर एक साथ बैठकर भगवान शिव का गुणगान करना धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सौहार्द की सुंदर मिसाल बन रहा है। सावन मास के तीसरे सोमवार को मंदिर के पुजारी अमन बैरागी के सानिध्य में भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई।

पालकी यात्रा मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पुष्प अर्पित किए। इसके बाद यात्रा वापस रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची। सावनभर चल रही पूजा-अर्चना, भजन संध्या और पालकी यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ से अच्छी वर्षा, सुख-शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। मंदिर से उठती शिव भक्ति की स्वर लहरियां मानो यही संदेश दे रही हैं कि आस्था के दीप जलते रहें और भोलेनाथ की कृपा से हर घर में खुशहाली तथा खेत-खलिहानों में हरियाली आए।

जिला पंचायत सीईओ ने किया रीडिंग कैंपेन का शुभारंभ

सीहोर। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सीहोर जिला पंचायत परिसर से चलित पुस्तकालय (रीडिंग वैन) को हरी झंडी दिखाकर रीडिंग कैंपेन का शुभारंभ किया। यह रीडिंग वैन आगामी पाँच दिनों तक जिले के सभी विकासखंडों का भ्रमण करेगी तथा पठन अभियान के अंतर्गत बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच जनजागरूकता फैलाने का कार्य करेगी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, डीपीसी आरआर उइके, मिशन अंकुर के सुमन स्वर्णकार,सुमित साध तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। रीडिंग कैंपेन के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सीहोर स्थित शासकीय सांदीपनि मनुबेन स्कूल की एफएलएन कक्षा का भ्रमण भी किया। उन्होंने बच्चों के साथ कहानी वाचन एवं स्टोरी टेलिंग गतिविधियों में सहभागिता कर रोचक संवाद किया।



चौरसिया समाज ने पूजा-अर्चना कर मनाया नागपंचमी का पर्व

धर्म की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेते हैं: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चौरसिया समाज ने साहू धर्मशाला में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया। समाज ने सामूहिक रूप से नागदेवता का पूजन किया। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान,नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा,सुशील संचेती, युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष महेंद्रसिंह ठाकुर धाम,सुशील संचेती, रमेश चौरसिया,सौरभ जैन शीतल ने सभी बच्चों को पुरुष्कार वितरित किए। सभी अतिथियों का चौरसिया समाज की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आज नागपंचमी का पर्व है। नागदेवता जो कि भगवान शिव के स्वरूप है हम सब भी उनकी पूजन करते है,वही नागदेवता जो कि चौरसिया समाज के कुलदेवता है,समाज ने आज उनका सामूहिक पूजन किया है।

नाग पंचमी हमारी सनातन संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक पर्व भी है। भारतीय परंपरा में नाग देवता को भगवान शिव और भगवान विष्णु से जोड़ा गया है। यह पर्व हमें केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश भी देता है। जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए प्रकट होते हैं। नाग पंचमी के अवसर पर हमें भगवान शिव की आराधना के साथ-साथ यह संकल्प भी लेना चाहिए कि हम जल, जंगल, जमीन और समस्त जीव-जंतुओं की रक्षा करेंगे। हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि प्रकृति के प्रत्येक जीव में ईश्वर का अंश है। विधायक इंजीनियर ने कहा की आज आवश्यकता है कि हम परंपराओं को श्रद्धा के साथ निभाएं और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता भी रखें। नाग देवता की पूजा करते समय जीवित सांपों को परेशान न करें और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक रहें। विधायक इंजीनियर ने कहा की विशाल चौरसिया ने समाज की एक धर्मशाला की बात रखी है आप समाज की ओर से भूमि की व्यवस्था कर ले,में आज धर्मशाला निर्माण के लिये 5 लाख की राशि देने की घोषणा करता हु,साथ ही आज जिन बच्चों ने आज महाभारत के एक भाग का मंचन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया उन बच्चों को 5100 रुपये देने की घोषणा करता हु। आयोजित कार्यक्रम को सुशील संचेती, रायसिंह में मेवाडा, दीक्षा सोनू गुणवान, महेंद्रसिंह ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया। सभी अतिथियों का रमेश चौरसिया, राजू चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, कमल चौरसिया, विशाल चौरसिया, अंजनी चौरसिया सहित समाज के अन्य सभी सदस्यो ने स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन विशाल चौरसिया, आभार राजू चौरसिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बसमाज के बंधु, माताएं बहने उपस्तिथ रहे।

युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर धाम के गृह गांव बापचा से आष्टा पहुंची। तिरंगा यात्रा रैली में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाए। इस दौरान इस 25 किमी की तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, विधायक गोपाल इंजिनियर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, प्रदेश मीडिया प्रभारी शोभित नाथ, प्रदेश कार्यालय मंत्री अमन राय, सह प्रदेश मीडिया प्रभारी ऋषि सोनी, जिला महामंत्री हर्षित मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष रायसिंह मेवाड़ा, नगर मंडल अध्यक्ष विशाल चौरसिया, जनपद अध्यक्ष सोनू गुणवान सहित सेकड़ो की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।